देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 81 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**चुनावी तैयारियां शुरू



देहरादून, बुधवार, 24 जून 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 22.0°

35430.43

2 सऊदी अरब ने किया बड़ा ऐलान

7 जिंदगी जीना सिखाता है टेस्ट क्रिकेट

## घायल जवानों की आर्मी चीफ नरवणे ने थपथपाई पीठ

लद्दाख। सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने मिलिट्री हॉस्पिटल में बहादुर सैनिकों से मुलाकात की है। वह आज ही दो दिवसीय दौरे पर लेह पहुंचे हैं। मिलिट्री अस्पताल में वे जवान भर्ती हैं जो 15–16 जून को गलवान घाटी में चीनी सैनिकों से लोहा लेते घायल हुए थे। आर्मी चीफ ने इन बहादुर जवानों से बातचीत कर उनका हाल जाना और उनके जल्द ठीक होने की कामना की। आर्मी चीफ ने इन सैनिकों से उस रात हुए घटनाक्रम के बारे में भी जानकारी ली।

दो दिन के दौरे में सेना प्रमुख की नजर खासतौर से आर्मी की तैयारियों पर होगी। पूर्वी लद्दाख में बॉर्डर से लगे इलाकों में जिस तरह पिछले दिनों चीन ने हलचल बढ़ाई है, उसे देखते हुए आर्मी अलर्ट है। 15–16 जून की घटना के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है।

# भारतीय पराक्रम, चीन पस्त!

## पूर्वी लद्दाख में झुका ड्रैगन, सैनिकों को हटाने पर हुआ सहमत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और चीन लद्दाख में चल रहे तनाव में सोमवार को कुछ कमी आती दिखी। सोमवार को हुई दोनों देशों के जनरल स्तर पर बातचीत के दौरान ड्रैगन पूर्वी लद्दाख के तनाव वाले इलाके से अपने सैनिकों को हटाने पर सहमत हो गया है। बता दें कि गलवान घाटी में चीनी सेना के साथ संघर्ष में भारत के 20 जवान शहीद हो गए थे जबकि चीन के 40 जवान मारे गए थे। इस घटना के बाद दोनों देशों के तनाव चरम पर पहुंच चुका है।

**बैठक में भारत ने चीन से कही दो टूकः** सूत्रों ने बताया कि वार्ता में पूर्वी लद्दाख से सैनिकों के हटाने के लिए तौर–तरीकों को अंतिम रूप देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बातचीत के दौरान भारत की ओर से साफ कह दिया गया है कि एलएसी में जैसी स्थिति 5 मई के पहले थी वैसे ही होनी चाहिए। यानी कि भारत की ओर से साफ–साफ शब्दों में कह दिया है कि चीन अपनी सीमा पर वापस लौटे। दोनों पक्षों के बीच उसी जगह पर छह जून को लेफ्टिनेंट जनरल स्तर की पहले दौर की बातचीत हुई थी, जिसके दौरान दोनों पक्षों ने गतिरोध दूर करने के लिए एक समझौते को अंतिम रूप दिया था। हालांकि, 15 जून को हुई हिंसक झड़पों के बाद सीमा पर स्थिति बिगड़ गई, क्योंकि दोनों पक्षों ने 3,500–किलोमीटर की वास्तविक सीमा के पास अधिकांश क्षेत्रों में अपनी सैन्य तैनाती को काफी तेज कर दिया।



### फिंगर 4 पर चीनी जमावड़े का भारत का विरोध

लद्दाख के फिंगर 4 पर चीन के सैनिकों के जमावड़े पर कड़ा ऐतराज जताया था। भारत ने चीन से साफ कहा कि इस इलाके से ड्रैगन को अपने सैनिकों को हटाने ही होंगे और उसे अपने पूर्व की स्थिति पर लौटना होगा। बता दें कि भारत ने चीन के विरोध के बाद भी लद्दाख में अपनी सीमा में तेजी से सड़क बना रहा है।

**चीन के धोखे के बाद भारत सतर्कः** गलवान घाटी में चीन के धोखे के बाद भारत पूरी तरह से सतर्क हो गया है।

लद्दाख से लेकर सिक्किम तक चीन की सीमा से लगने वाले एलएसी भारतीय सेना पूरी तरह से सतर्क है और चीन की किसी भी हिमाकत का जवाब देने के लिए उसे खुली छूट मिल चुकी है। भारत ने इन इलाकों में लड़ाकू विमानों से लेकर हैवी मशीनगनें तक तैनात कर दी है।

### सकारात्मक रही थी बात

दरअसल, भारत और चीन के बीच लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर जारी खींचतान के बीच सोमवार को लेफ्टिनेंट जनरल स्तर की बातचीत हुई थी। भारतीय पक्ष का नेतृत्व 14वीं कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह ने किया जबकि चीनी पक्ष का नेतृत्व तिब्बत मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट के कमांडर ने किया था। एलएसी के दूसरी ओर चीन के हिस्से में मोल्डो इलाके में दोनों सेनाओं के अधिकारियों के बीच बैठक हुई। यह बैठक करीब 12 घंटे के बाद खत्म हुई। सूत्रों के अनुसार, सोमवार को हुई कोर कमांडर स्तर की मीटिंग सकारात्मक माहौल में हुई। बैठक में दोनों देशों के बीच तनाव कम करने पर सहमति बनी। तनाव वाले क्षेत्र से दोनों पक्ष सेना हटाने को लेकर सहमत थे। पूर्वी लद्दाख में जिन–जिन जगहों पर गतिरोध है वहां डिसइंगेजमेंट कैसे किया जाएगा इसकी प्रक्रिया पर बात हुई।

## कोटनिस की याद दिला विदेश मंत्री ने दिया चीन को संदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत, चीन और रूस के विदेश मंत्रियों की वर्चुअल बैठक शुरू हो गई है। रूस के न्यौते पर हो रही इस त्रिपक्षीय बैठक के शुरुआत में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने डॉक्टर कोटनिस की याद दिलाकर चीन को संदेश देने की कोशिश की थी। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया की प्रमुख शक्तियों को हर तरीके से दूसरे के लिए उदाहरण बनना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करना चाहिए। साथ ही सहयोगी देशों के वैध हितों को मान्यता देनी चाहिए।

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, दुनिया की प्रमुख शक्तियों को हर तरीके से उदाहरण बनना चाहिए। लंबे समय तक चलने वाली वैश्विक व्यवस्था को बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान और सहयोगी देशों के वैध हितों को मान्यता, सभी पक्षों को समर्थन और साझा हितों को बढ़ावा देना ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर कोटनिस उन पांच भारतीय डॉक्टरों में शामिल थे जो दूसरे चीन–जापान युद्ध के दौरान वर्ष 1938 में चिकित्सा सहायता देने के लिए गए थे।

### ■भारत–चीन सक्षम, तीसरे की जरूरत नहीं: रूस

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लवारोव ने कहा है कि भारत और चीन को किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं और दोनों देश अपने विवाद को खुद ही सुलझा लेंगे। उन्होंने आशा जताई कि दोनों ही देश विवादों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

बाबा रामदेव ने लान्च की कोरोना की आयुर्वेदिक दवा कोरोनिल, बाजार में दिव्य कोरोनिल टैबलेट होगा नाम

# कोरोना इलाज का दावा रामदेव लाए कोरोनिल

**संवाददाता**

हरिद्वार। बाबा रामदेव ने मंगलवार को कोरोना की आयुर्वेदिक दवा बनाने का दावा करते हुए, कोरोनिल नाम की मेडिसिन लॉन्च की है। इस मेडिसिन के जरिए कोरोना के मरीजों को ठीक करने का दावा किया गया है।

**7 दिन में 100 फीसदी मरीज हुए स्वस्थः** बाबा रामदेव ने कहा कि पूरा देश और दुनिया जिस क्षण की प्रतीक्षा कर रहा था आज वो क्षण आ गया है। कोरोना की पहली आयुर्वेदिक दवा तैयार हो गई है। बाबा रामदेव ने कहा कि दवाओं के ट्रायल के दौरान तीन दिन के अंदर 69 पर्सेंट रोगी नेगेटिव हो गए। इसके अलावा ट्रायल के दौरान सात दिन में 100 फीसदी मरीज नेगेटिव हो गए।




**तीन दवाओं को लोगों के सामने रखाः** बाबा रामदेव ने कहा कि कोरोनिल में गिलोय, तुलसी और अश्वगंधा हमारे इम्युनिटी सिस्टम को मजबूत करता है। इसके अलावा अणु तेल नाक में डालने से हमारे रेस्परेटरी सिस्टम में किसी वायरस के मौजूद होने पर उसका अंत होता है। साथ ही श्वसारी हमारे रेस्परेटरी सिस्टम को मजबूत करेगी। **सात दिन में बाजार पहुंचेगी,**

**ऐप से भी होगा ऑर्डर**

बाबा रामदेव ने कहा कि सात दिन में ये दवा पतंजलि के स्टोर्स पर मिलेगी। इसके अलावा इस दवा की डिलिवरी के लिए एक ऐप लॉन्च किया जाएगा। जिसपर ऑर्डर करने के तीन दिन में दवा घर पर डिलिवर कर दी जाएगी।

**5 से 14 दिन में मरीजों को ठीक करने का दावा**

बालकृष्ण का दावा है कि कोरोनिल कोविड–19 मरीजों को 5 से 14 दिन में ठीक कर सकती है।

### लोग जलेंगे कि संन्यासी ने दवा बना लीः रामदेव

बाबा रामदेव ने कहा कि जब कहीं क्लिनिकल कंट्रोल ट्रायल होता है तो कई अप्रूवल लेने होते हैं। इस दवा के लिए भी तमाम नैशनल एजेंसियों से अप्रूवल लिए गए। बाबा रामदेव ने कहा कि इस दवा का ट्रायल 280 मरीजों पर किया गया है। बाबा रामदेव ने कहा कि लोग इस बात से जलेंगे कि किसी संन्यासी ने कोरोना की दवा बना ली है।

### इन औषधियों से बनाई गई दवा

पतंजलि सीईओ के अनुसार, कोरोनिल में गिलोय, अश्वगंधा, तुलसी, श्वसारि रस और अणु तेल का मिश्रण है। उनके मुताबिक, यह दवा दिन में दो बार– सुबह और शाम को ली जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### आरजेडी में बड़ी टूट, रघुवंश ने छोड़ा पद, 5 एमएलसी गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पटना। आरजेडी को एक और बड़ा झटका लगा है। मंगलवार को पहले तो पार्टी के पांच विधानपार्षद जेडीयू में चले गए फिर पार्टी के वरिष्ठ नेता रघुवंश प्रसाद ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। रघुवंश प्रसाद सिंह फिलहाल कोरोना से पीड़ित हैं और वे पटना एम्स में इलाजरत हैं। बताया जा रहा है कि रघुवंश प्रसाद सिंह समेत पार्टी के कई बड़े नेता बाहुबली रामा सिंह को पार्टी में शामिल कराये जाने को लेकर नाराज हैं।

### बीजेपी ऑफिस में साध्वी प्रज्ञा की तबीयत बिगड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भोपाल। बीजेपी सांसद साध्वी प्रज्ञा भोपाल स्थित ऑफिस में बेहोश होकर गिर गईं हैं। वह काफी समय से बीमार चल रही हैं। पिछले दिनों ही वह भोपाल लौटी हैं। साध्वी प्रज्ञा का लंबे समय से दिल्ली एम्स में इलाज चल रहा था।

## पीएम ने सेना के साथ विश्वासघात किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लद्दाख में गतिरोध से जुड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बयान को लेकर मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने चीन के रुख को स्वीकार करके हमारी सेना के साथ विश्वासघात किया और भारत के रुख को नष्ट कर दिया। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में यह भी कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ हिंसक

### भारत–चीन विवाद पर देश में भयंकर राजनीतिः राहुल गांधी

झड़प में शहीद हुए 20 जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाए। गांधी ने आरोप लगाया, 'चीन ने बड़ी ढिठाई से हमारे क्षेत्र पर कब्जा कर लिया।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कोरोना महामारी, पेट्रोल–डीजल के बढ़ते दामों और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के साथ तनाव को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार सरकार पर हमला किया है। पूर्व पीएम मनमोहन ने भी कोरोना महामारी को लेकर केंद्र को घेरा।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in